### एक नजर में

## मोतियाबिंद शिविर आज और कल

**गुना।** लायंस क्लब गुना सिटी पारमार्थिक न्यास द्वारा संचालित लायंस नेत्र चिकित्सालय व जिला अंधत्व निवारण समिति के सहयोग से लगातार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में नि:शुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण षिविर लगाये जा रहे हैं। इसी संदर्भ में 21 सितंबर 25 रविवार को सिरोंज, भोंरिया एवं सोमवार को रूठियाई धरनावदा में निःशुल्क मोतियाबिंद नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मरीजों को लाना ले जाना खाना, दवाई चश्में, लैंस से लेकर ऑपरेशन तक नि:शुल्क किए जाएंगे।

## सेवा पखवाड़े में निकली रैली

**गुना।** सेवा पखवाड़े के अंतर्गत शासकीय कस्तूरबा कन्या महाविद्यालय गुना में स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार और प्राचार्य डॉ. विनीता जैन के आदेश से आयोजित हुआ। राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पूनम पारीक के मार्गदर्शन में महाविद्यालय की एनएसएस इकाई की छात्राओं ने स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश देते हुए रैली निकाली। उन्होंने बताया कि स्वच्छता हमारे जीवन का अभिन्न अंग है और इसे अपनाकर हम स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य आसपास के लोगों को स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना था। रैली से पूर्व महाविद्यालय परिसर में स्लोगन प्रतियोगिता भी संपन्न हुई।

# नपा में घमासान जारी,वायरल वीडियो के खिलाफ एफआईआर कराने पहुंचीं नपाध्यक्ष

## सिटी कोतवाली में घंटो तक रही गहमा गहमी, युवक और उसकी मां बोली, हमें तो फंसाया गया

नवभारत न्यूज

**गुना 20 सित. का। नगरपालिका में तनाव और विवाद का सिलसिला लगातार जारी है। शनिवार को नगर पालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता एक कथित वायरल वीडियो को लेकर कोतवाली पहुंची और नपा उपाध्यक्ष धरम सोनी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। उनके साथ उक्त वीडियो में रिश्वत का आरोप लगाने वाला युवक रवि सोनी और उसकी मां भी मौजूद थे।**



युवक ने कोतवाली में बताया कि वायरल वीडियो नपा उपाध्यक्ष धरम सोनी द्वारा बनवाया गया, जिसमें नपाध्यक्ष और नगरपालिका के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों पर नामांतरण के बदले 40 हजार रुपए की रिश्वत लेने का आरोप लगाया गया था। युवक ने बताया कि उनका धोखे से वीडियो बनाया गया जिसमें वह 20 हजार रुपए दिए जाने की बात कह रहे थे। वीडियो के वायरल होने के बाद नगर पालिका में तनाव और घमासान बढ़ गया।

नपाध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने आरोप लगाया कि उपाध्यक्ष धरम सोनी ने उन्हें बदनाम करने के लिए यह वीडियो बनवाया। उन्होंने बताया कि शनिवार को युवक और उसकी मां के साथ कोतवाली पहुंचकर उन्होंने उपाध्यक्ष के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। वीडियो में आरोप लगाने वाले युवक रवि सोनी ने भी कहा कि वीडियो उनके ही समाज के नपा उपाध्यक्ष ने बनवाया और यदि उन्हें पहले पता होता तो वे ऐसा नहीं करवाते। उन्होंने सभी से माफी भी मांगी। इस दौरान नपाध्यक्ष के साथ उनके समर्थक पार्षद भी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि नपा में घमासान रोकने की नाम नहीं ले रहा है। गुरुवार रात को नपा के साधारण सम्मेलन को लेकर बुलाई गई पार्षदों की बैठक में जमकर हंगामा हुआ था। उस दिन भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र सिकरवार और विधायक पन्नालाल शाक्य की मौजूदगी में पार्षदों में जमकर गाली-गलौज और हाथापाई हुई थी, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ। नगरपालिका में लंबे समय से इस तरह का घमासान चल रहा है। भाजपा के शासित इस निकाय में अब नपाध्यक्ष ने अपनी ही पार्टी के उपाध्यक्ष के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एफआईआर की कार्रवाई शुरू कर दी है। प्रशासन और पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच शुरू कर दी है।

### इनका कहना है

न मैं अध्यक्ष साहब को जातना हूं और न अध्यक्ष ने मुझसे पैसे मांगे। वीडियो उनके ही समाज के नपा उपाध्यक्ष धरम सोनी ने बनाया है। यदि मुझे पता होता तो मैं नहीं बनवाता। मैं उनके पास पूछने गया कि नामांतरण नहीं हुआ है कब तक होगा तो उन्होंने वीडियो बना ली। मैं तो किसी को जानता तक नहीं हो। मैं सबसे माफी मांगता हूं। मुझसे धरम सोनी ने झूठ बुलवाया था। मैंने उनसे बोला भी था कि मेरी वीडियो मत बनाओ।

**रवि सोनी, वायरल वीडियो का युवक**

नगर सरकार व्हाट्सएप ग्रुप पर नपा उपाध्यक्ष धरम सोनी द्वारा मेरे खिलाफ वीडियो डाली गई है। मैंने आज तक कभी किसी से पैसे नहीं लिए गए। लेकिन धरम सोनी ने मुझे बदनाम करने के उद्देश्य से वीडियो डाली गई है। जिसकी शिकायत लेकर मैं कोतवाली में एफआईआर कराने आई हूं। वीडियो में युवक से नामांतरण के लिए पैसे मांगने के आरोप लगवाए गए हैं। मैं महिला हूं मैं किसी के साथ गलत नहीं करती हूं। उनके द्वारा लगातार मेरे साथ गलत किया जा रहा है। इसके लिए मैं मानहानि का भी दावा करूंगी। मैं रवि सोनी को भी नहीं जानती हूं।

**सविता अरविंद गुप्ता, नपाध्यक्ष**



## आदि कर्म योगी अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

नवभारत न्यूज

**गुना।** गुना ब्लॉक में आदि कर्मयोगी अभियान के अंतर्गत ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन 19 सितम्बर 2025 प्रारंभ हो गया है जिसके तहत ग्राम बिरौली सहित 11 गांव में प्रशिक्षण दिया गया प्रशिक्षण में ग्राम के सचिव, पटवारी, बीट गार्ड, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, प्रधान पाठक, हेड पंप मेकेनिक, रोजगार सहायक, कृषि विस्तार अधिकारी, पशु चिकित्सा, सेल्समेन सम्मिलित रहे प्रशिक्षण में सीएमटी द्वारा कई गतिविधियों का आयोजन कराया गया और साथ ही ग्राम विकास योजना को समिति द्वारा भरे जाने संबंधी जानकारी दी। कलस्टर मास्टर ट्रेनर धर्मेंद्र रघुवंशी सीएसी और सीमा अहिरवार सुपरवाइजर आईसीडीएस द्वारा प्रदान किया गया प्रशिक्षण में सचिव जितेंद्र रघुवंशी सहित सभी लोग उपस्थित रहें।

## सफाई कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त, सेवाएं बहाल



**आरोन।** कलेक्टर किशोर कन्याल एवं परियोजना अधिकारी संजय श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा नगर पंचायत की अध्यक्षा के आदेशानुसार नगर परिषद आरोन में गत दिनों चली सफाई कर्मियों की हड़ताल को समाप्त किया गया है। परिषद की संपूर्ण सहमति और सभी संबंधित अधिकारियों के प्रयासों के परिणामस्वरूप कर्मचारियों की मांगों को मान्यता दी गई और आज से सभी कर्मचारी अपने-अपने कार्यस्थलों पर लौट आए हैं। सफाई कर्मचारियों ने पांच प्रमुख मांगों को लेकर हड़ताल की थी, जिन्हें आगामी नगर परिषद की बैठक में रखा जाएगा और स्वीकृति मिलने के बाद औपचारिक रूप से लागू किया जाएगा। हड़ताल के दौरान एक कर्मचारी शिवम शर्मा संविदा श्रमिक के रूप में नगर परिषद के सफाई कार्य में शामिल था। वह अन्य कर्मचारियों से नाराज था और हड़ताल का कारण बन रहे विवाद में शामिल था। अध्यक्ष महोदया एवं प्रशासनिक दृष्टि से तत्काल प्रभाव से उसे सफाई कार्य से हटाया गया। हड़ताल समाप्त होने के बाद नगर परिषद के स्वच्छता और सफाई कार्य में गति आई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कर्मचारियों की मांगों का उचित समाधान किया जाएगा और भविष्य में ऐसे विवाद से बचने के लिए संवाद और समझौते के मार्ग अपनाए जाएंगे।

परिषद प्रशासन ने यह भी बताया कि कर्मचारियों के समुचित सहयोग और पारस्परिक सहमति से ही नगर को स्वच्छ और व्यवस्थित बनाए रखना संभव है। इस प्रकार हड़ताल समाप्त होने के बाद नगर परिषद आरोन में सफाई कार्य नियमित रूप से फिर से शुरू हो गया है।

### मोदी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में सम्मेलन 21 को

**गुना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाएं जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन का आयोजन 21 सितंबर 2025 को। प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन के जिला संयोजक विकास जैन ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75 वें जन्मदिवस 17 सितंबर के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी जिला गुना द्वारा चलाएं जा रहे सेवा पखवाड़े के अंतर्गत दिनांक 21, सितंबर 2025 को दोपहर 2 बजे स्थान शुभ विदाई गार्डन गुना में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन एवं पीएम मोदी जी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन ब प्रधानमंत्री के जीवन पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रदर्शन किया जा रहा हे।

## गढ़ा ग्राम पंचायत में नहीं है मुक्ति धाम का रास्ता



**गुना।** जिला मुख्यालय से लगा ग्राम पंचायत गढ़ा के ग्रामीण वर्षों से एक गंभीर समस्या से जूझ रहे हैं। यहां न तो सही मुक्ति धाम है और न ही वहां तक जाने के लिए कोई रास्ता। मजबूरी में ग्रामीण खुले में ही अंतिम संस्कार करने को विवश हैं। यह स्थिति लंबे समय से बनी हुई है और लोगों की पीड़ा बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दिनों में सबसे ज्यादा परेशानी होती है। भीगते हुए नाले और कीचड़ से होकर श्मशान तक पहुंचना पड़ता है। कई बार लाश को ले जाते वक्त ग्रामीणों को घंटों तक संघर्ष करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि पंचायत प्रतिनिधि और जिम्मेदार अधिकारी इस समस्या से पूरी तरह वाकिफ हैं, लेकिन वर्षों से किसी ने ध्यान नहीं दिया। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि ना सरपंच सुनते हैं और ना सचिव। हाल ही में गढ़ा के एक परिवार ने भी इस समस्या को झेला है। प्रदीप शर्मा, जिनके पिता का हाल ही में खुले स्थान पर अंतिम संस्कार हुआ, ने बताया कि यह स्थिति बेहद दुखद है। वहीं हरिप्रसाद शर्मा ने कहा कि नौ साल पहले उनकी बेटी का अंतिम संस्कार भी इसी तरह खुले में करना पड़ा था। वहीं पांच साल पूर्व विष्णु प्रसाद शर्मा का भी यहीं अंतिम संस्कार किया गया था। ग्रामीणों ने बताया कि यहां से श्मशान स्थल जाने के लिए कोई पक्का मार्ग नहीं है। बरसात के दिनों में नाले में से होकर जाना पड़ता है, जिससे कई बार हादसे भी हो चुके हैं। जनपद पंचायत गुना की यह लापरवाही आज पूरे क्षेत्र में चर्चा का विषय है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब शासन स्तर पर विकास कार्यों के लिए बड़ी राशि खर्च की जा रही है, तो गढ़ा जैसे ग्रामों में अंतिम संस्कार जैसी बुनियादी सुविधा क्यों नहीं मिल पा रही। ग्रामीणों की मांग है कि तत्काल पक्का मुक्ति धाम और वहां तक जाने के लिए मार्ग बनाया जाए।



## एनवीएम हॉस्टल और नवीन विद्या मंदिर स्कूल में पितृ तर्पण पर विशेष व्याख्यान

**गुना।** एनवीएम हॉस्टल एवं नवीन विद्या मंदिर स्कूल के छात्रों के लिए आज एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें भारत विकास परिषद के सदस्य दिनेश श्रीवास्तव ने छात्रों को पितृ तर्पण के महत्व के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि सोलह दिवसीय पितृ पक्ष में हमारे पूर्वज धरती पर आते हैं और उन्हें प्रसन्न करने के लिए तर्पण करना आवश्यक होता है। इस धार्मिक अनुष्ठान के माध्यम से जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर किया जा सकता है और पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस अवसर पर स्कूल संचालक नवीन सक्सेना ने भी छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अपने माता-पिता की बात माननी चाहिए और जब वे वृद्ध हो जाएं तो उनकी सेवा तन-मन-धन से करनी चाहिए, माता-पिता हमारे लिए साक्षात् ईश्वर के समान हैं।

## भगवान के सामने मांगना नहीं पड़ता आपने आप ही मिलता है : मुनिश्री

**गुना।** आज हमें कठिन विषय भले ही समझ में नहीं आ रहा हो पर हमने श्रद्धा विनय भक्ति से पूर्वाचार्यों की बात को सुना है तो वही अल्प ज्ञान आगामी समय में हमारे केवल्य ज्ञान में निमित्त बन सकता है। अत: हमें सच्चे देव, शास्त्र और गुरु के अलावा कितने भी संकट दुख आ जाएं हमें विचलित नहीं होना चाहिए। भौतिक आकांक्षाओं की पूर्ति के लिए कुगुरु और कुदेवों की शरण में भूलकर भी नहीं जाना चाहिए। जब भी हमारे दुख दूर होंगे वह सच्चे देव, शास्त्र और गुरु की शरण में आकर ही दूर होंगे। जैन दर्शन एक ऐसा दर्शन है जो भक्त को भक्त ही बने रहने का उपदेश नही देता वह भक्त से स्वयं उन जैसा भगवान बनने का उपदेश देता है। भगवान के सामने कभी कुछ मांगना नहीं बिना मांगें ही सब कुछ





मिल जाता है। जैसे पेड़ के नीचे खड़े होने पर छाया मांगना नहीं पड़ती आपने आप मिल जाती है। उक्त धर्मोपदेश मुनिश्री निरोग सागरजी महाराज ने चौधरी मोहल्ला स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर पर धर्मसभा को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। मुनिश्री ने कहा कि हमारी आत्मा में अनंत गुण अनंत ज्ञान लबालब भरा है। बस कर्म रूपी आवरण के कारण वह उद्घाटित नहीं हो पा रहा है। जिस प्रकार जल से शीतलता को दूर करना संभव नहीं है अग्नि से गर्मी दूर नहीं की जा सकती वह तो उसका स्वभाव है, लक्षण है, वैसे ही हमारी आत्मा से ज्ञान गुण को दूर नहीं किया जा सकता। जो जातना है उसे ज्ञान कहते हैं जो देखता है वह दर्शन कहते हैं। मुनिश्री ने मां का उदाहरण दिया कि एक मां किसी पति की पत्नी, पिता की बेटी, बहन की बहन, अनेक रूपों में होकर भी वह एक मां होती है। अनेकांत के द्वारा हम सारे झगड़ों को समाप्त कर सकते हैं। मुनिश्री ने दर्पण का उदाहरण दिया कि कांच को आईना बनाने के लिए उसके पीछे पारा लगाना होगा। वह कभी झूठ नहीं बोलता हम जैसे हैं वैसे ही दर्पण में दिखेंगे। दर्पण की तरह हमें ऐसा मित्र बनाना चाहिए जो हमारी गलतियों को बताकर हमें एक नेक इंसान बना सके। वह मित्र नहीं है जो हमारी गलतियों पर पर्दा डालकर हमें संसार में ही भटकाता रहे ।मुनिश्री ने कहा कि सच्चे देव, शास्त्र और गुरु हमारे दर्पण की तरह होते हैं। जो हमें हमारी गलतियों को बातकर जन्म मरण से छुटकारा दिलाने का मार्ग बताते हैं। संयम का मार्ग बताकर उस मार्ग पर चलकर एक न एक दिन हम भी भगवान बन सकते हैं। हमें संयम तप द्वारा मोक्ष प्राप्त करना है।

## आरोन स्कूल के छात्रों का औद्योगिक भ्रमण, व्यावसायिक शिक्षा से अवगत कराया

**गुना।** विकासखंड आरोन के छात्रों एवं छात्राओं के लिए हाल ही में औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। इस अवसर पर शाउमवि शहारोक के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न ट्रेड में व्यावसायिक शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न उद्योगों और प्रशिक्षण केंद्रों का भ्रमण किया। संस्था के प्राचार्य रणवीर सिंह धाकड़ ने बताया कि इस औद्योगिक भ्रमण का मुख्य उद्देश्य छात्रों को स्वावलंबी और आत्मनिर्भर बनाना है। इसके माध्यम से छात्रों को प्रधानमंत्री रोजगार कौशल एवं अन्य व्यावसायिक केंद्रों से परिचित कराना और उनके व्यावसायिक ज्ञान को समृद्ध करना लक्ष्य है। भ्रमण के दौरान छात्रों को विभिन्न व्यावसायिक प्रक्रियाओं और तकनीकी जानकारी से अवगत कराया गया। विद्यार्थियों ने अपने क्षेत्र से संबंधित कई सवाल पूछे और स्टाफ की मदद से उनके संदेह दूर किए गए। प्राचार्य श्री धाकड़ ने बताया कि विषयवस्तु के आधार पर योजनाबद्ध औद्योगिक भ्रमण छात्रों के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होता है और यह उन्हें व्यावसायिक और रोजगार से संबंधित वास्तविक अनुभव प्रदान करता है। इस भ्रमण में विद्यालय के व्यावसायिक शिक्षक दिलीप कबीरपंथी, स्नेहलता दगडू साथ ही सहयोगी शिक्षक सौरभ जाटव और मीना श्रीवास्तव कल्ला कुशवाह भी उपस्थित रहे। कक्षा 1 से 11 तक के लगभग 40 छात्रों ने हिस्सा लिया और सभी को व्यवस्थित रूप से प्रशिक्षण एवं जानकारी प्रदान की गई।

**आरोप** | पांच दिन में परिणाम संशोधित नहीं किया तो होगा छात्रों का जोरदार प्रदर्शन

# तात्याटोपे यूनिवर्सिटी में परीक्षा परिणाम में भारी गड़बड़ी

नवभारत न्यूज

**गुना 20 सित. का। तात्याटोपे यूनिवर्सिटी के पहले वर्ष के परीक्षा परिणाम में भारी गड़बड़ी सामने आई है, जिसके कारण 90 फीसदी से अधिक छात्रों को एक ही विषय में सप्लीमेंट्री दी गई और 5000 से अधिक छात्र फेल कर दिए गए। इसको लेकर छात्र संगठन डीएसओ ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को पांच दिन का अल्टीमेटम दिया है।**



अगर पांच दिन के भीतर परिणाम संशोधित नहीं किए गए, तो हजारों छात्र व्यापक आंदोलन के लिए तैयार हैं। आज छात्र संगठन डीएसओ के नेतृत्व में गुना, अशोकनगर, आरोन सहित कई कॉलेजों के छात्रों ने यूनिवर्सिटी के समक्ष चार घंटे तक प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को चेतावनी दी कि अगर परीक्षा परिणाम में सुधार नहीं किया गया, तो वे बड़ी संख्या में आंदोलन करेंगे। डीएसओ पीजी कॉलेज इकाई अध्यक्ष शुभम राव ने बताया कि बीए, बीएससी और बीकॉम प्रथम वर्ष के परिणामों में बड़ी संख्या में गड़बर्ड?ां पाई गई हैं। 5000 से अधिक छात्रों को सप्लीमेंट्री दी गई, जिसमें अधिकांश छात्र आधार पाठ्यक्रम (हिंदी व अंग्रेजी) में फेल हुए। इसके अलावा, डिजिटल मार्केटिंग जैसे व्यवसायिक कोर्स में 80 फीसदी से अधिक छात्रों को फेल कर दिया गया, जबकि कई छात्रों के अंक 35 से अधिक थे। प्रैक्टिकल विषयों में छात्रों को 0 अंक दिए गए और ग्रेस सिस्टम लागू न करने के कारण कई छात्रों को कम अंक मिलने पर फेल कर दिया गया।

छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन के सामने तीन मुख्य बिंदु उठाए। पहला, आधार पाठ्यक्रम के री-टोटलिंग फॉर्म के लिए 300 रुपये शुल्क लिया गया, जबकि ओएमआर सीट पर होने वाली परीक्षा में री-टोटलिंग फीस नहीं होनी चाहिए थी। दूसरा, इतिहास जैसे विषय में 5000 से अधिक छात्रों को फेल कर दिया गया, जो पहले कभी नहीं हुआ। तीसरा, डिजिटल मार्केटिंग जैसे कोर्स में कई कॉलेजों के सभी छात्रों को एक साथ फेल कर दिया गया। छात्रों ने बताया कि आधार पाठ्यक्रम और वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई के लिए शिक्षक और पाठ्यक्रम की व्यवस्था नहीं है, फिर भी छात्रों को परीक्षा देनी पड़ी जिसमें वह फेल हो गए।

### परीक्षा परिणाम संशोधन की उठी मांग

छात्र संगठन ने कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 लागू की गई है, लेकिन तैयारी पूरी नहीं थी। आधार पाठ्यक्रम और वोकेशनल कोर्स की पढ़ाई के लिए शिक्षक और पाठ्यक्रम की व्यवस्था नहीं है, फिर भी छात्रों को परीक्षा देनी पड़ी और उन्हें फेल कर दिया गया। यूनिवर्सिटी प्रशासन इन सवालों का कोई ठोस जवाब नहीं दे सका और सिर्फ एक समिति बनाकर जांच करने का आश्वासन दिया। छात्रों का कहना है कि यह पूरी प्रक्रिया न्याय संगत नहीं है और अगर पांच दिन के भीतर परीक्षा परिणाम सुधार नहीं किया गया, तो वे बड़े पैमाने पर आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## एस एल स्कूल में इनवेस्टिचर समारोह आयोजित





**गुना।** स्थानीय एस. एल. मेमोरियल स्कूल, भगत सिंह कॉलोनी में इन्वेस्टिचर सेरेमनी आयोजित की गई। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रुप में महिला थाना प्रभारी एस.आई. आशा पवार सहित स्कूल डायरेक्टर संतोष यादव, प्रिंसिपल सिम्पल मैडम, वाइस प्रिंसिपल आरती पलिया मैडम व समस्त विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा ।समारोह में जिवेन्द्र धाकड़ को हेड बॉय व सोनिका लोधी को हेड गर्ल घोषित कर कर्तव्यनिष्ठा की शपथ दिलवायी गई। इसके साथ ही कोरल (रेड) हाउस के साक्षी अहिरवार और भारती यादव, ओपल हाउस (ब्ल्यु) के मोहित यादव और शिवम रघुवंशी, टोपाज़ हाउस (येलो) के संस्कृति तिवारी और अमन धाकड़ एवं जेड हाउस (ग्रीन) के आरुशी शर्मा और मोहित दैलबार को क्रमश: कैप्टन और वाइस कैप्टन के रुप में शपथ दिलवाइ गई एवम सभी वोलंटियर्स (स्वयंसेवकों) को भी शपथ दिलाई गई। विद्यालय में इन्वेस्टिचर सेरेमनी करने और इसमें हेड बॉय, हेड गर्ल एवं विभिन्न हाउस के कैप्टन, वाइस कैप्टन बनाने का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता का विकास करना होता है जिससे छात्र जीवन से ही गुण विकसित किया जा सके जो इन विद्यार्थियों को स्कूल के बाद के जीवन में भी उपयोगी साबित हों। मुख्य अतिथि ने भी अपने उद्बोधन में इसी बात को रेखांकित करते हुए विद्यार्थियों में छात्र जीवन से ही नेतृत्व क्षमता के विकास पर प्रकाश डाला और बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की। प्रिंसिपल मैडम ने अपने उद्बोधन में सभी को छात्र जीवन में नेतृत्व गुण की महत्ता के बारे में बताया। संचालक संतोष यादव ने स्कूली जीवन में नेतृत्व गुण के होने का महत्व बताया।


### सार्वजनिक सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरी पक्षकार आई.सी.आई.सी.आई एच.एफ.सी. गुना द्वारा, सौरव षर्मा के हित में ऋण प्रदाय किये जाने हेतु दस्तावेज एकत्र किऐ जा रहे है, उक्त प्रक्रिया में दस्तावेज (वसीयत नामा) जो वसीयत कर्ता श्रीमति सुशीलादेवी पत्नि श्री चिरोंजीलाल पाण्डे द्वारा वसीयत कि भूमि जो ग्राम छावनी गुना प.ह.न. 65, सर्वे न0. 717/1/मिन-5 क्षैत्रफल 1500 वर्गफीट, नगरपलिका सीमा के अंतर्गत वार्ड क्र. 31 जिला गुना का में स्थित थी, जो वसीयत ग्रहिता आनन्द कुमार पाण्डये पुत्र श्री सुरेशचन्द्र पाण्डेय को बनाया गया था, जिसका दस्ता. क्र. MP13342020A3230433 दिनांक 22.05.2020 है, उक्त मूल दस्तावेज (वसीयत नामा) कहीं गुम हो गया हैं।
यदि किसी व्यक्ति को मिला हो तो कृपया मुझे प्रदान करें अथवा मुझसे संपर्क करें।
उक्त दस्तावेज का इस्तेमाल कोई करे या खरीदे तो इसके लिए खरीददार स्वयं जिम्मेंदार होगा। यदि किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति हो तो आज से सात दिवस के भीतर दस्तावेज सहित मुझ से सम्पर्क करें। समय सीमा पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सूचना कर्ता-**
**शलभ पारीक, एड्वोकेट**
**31/248 आदर्श कॉलोनी गुना**
**फोन-9425746155**